## खबर संक्षेप

### जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों साथ ली बैठक

**पांढुर्ना :-** कलेक्टर अजय देव शर्मा ने आज यहां सभाकक्ष में केंद्र सरकार महत्वाकांक्षी विकसति भारत संकल्प यात्रा के उचित क्रियान्वयन को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक लेकर चर्चा उपरांत दिशा निर्देश जारी किए।
उल्लेखनीय है कि यह यात्रा आगामी 16 दिसंबर से शुरू होने जा रही है। कलेक्टर महोदय के अनुसार जनकल्याण के लिए आरंभ की गई यात्रा का क्रियान्वयन केंद्र शासन की मंशानुरूप होना चाहिए। केंद्र शासन की समस्त जनहितैषी योजनाओं, लाभों और सुविधाओं के बारे में सभी को जागरूक किया जाने पर कलेक्टर ने बल देते हुए इस दिशा में सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से समुचित प्रयास किए जाने को कहा। प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों, विशेष तौर से वंचित एवं आकांक्षी जरूरतमंदों तक पहुंचना चाहिए। कलेक्टर महोदय ने कहा कि इस यात्रा को सिर्फ औपचारिकता पूरी करने के लिए ना ले बल्कि इसका प्रभावी रूप से क्रियान्वयन करने के लिए जमीनी तैयारी कर लागू किया जाए। इस यात्रा के सभी रूट पहले से निर्धारित किए जाएंगे जिस पर जनप्रतिनिधिगण पहले से ही अपने अपने क्षेत्र में तैयार रहेंगे। इस यात्रा में महिलाओं, स्व हायता समूहो, वरिष्ठ नागरिकों, युवा शक्ति और किसानों को अधिक से अधिक संख्या में जोडा जाए।

### तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव

**परासिया।** अहिंसा के प्रणेता तीर्थंकर महावीर भगवान के 2550 वें निर्वाण महोत्सव वर्ष के अंतर्गत धर्म नगरी परासिया में भव्य एवं मनोहारी श्री तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय का निर्माण किया गया। जिसका राष्ट्रीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव आगामी 20, 21 एवं 22 जनवरी 2024 को विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक मनाया जावेगा।पूरे देश से पधार रहें त्यागीव्रती साधकों, प्रतिष्ठाचार्यों, श्रेष्ठिजनों सहित सकल जैन बंधुओं की विशेष उपस्थिति दी।

### पांच डॉक्टरों की टीम ने किया पीएम, अंतिम संस्कार के लिए शव को इटारसी ले गए परिजन

# मोनिका आत्महत्याकांड में परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



परासिया के विधायक सोहन बाल्मीकी की पुत्रवधु मोनिका की मौत के बाद शुक्रवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया तथा पोस्टमार्स्टम के बाद परिजन शव के अंतिम संस्कार के लिए परासिया न भेजकर इटारसी ले गए। इस हाई प्रोफोइल केस में विधायक पुत्र आदित्य बाल्मीकी के विरूद्ध मोनिका के मायके वालों ने गंभीर आरोप लगाए है। परिजनों का कहना था कि आदित्य और मोनिका के बीच कुछ भी अच्छा नहीं था। आदित्य आए दिन शराब के नशे में मोनिका के साथ गाली गलौच मारपीट करता था। पोस्टमार्टम के दौरान परिजन छिंदवाड़ा आ गए थे वे रात को भी छिंदवाड़ा में ही रूके। इस दौरान जिला अस्पताल में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवेध प्रताप सिंह सिंह परासिया एसडीओपी जितेन्द्र जाट और टीआई के साथ ही कुंडीपुरा और कोतवाली के टीआई आईएएस तनुश्री मीणा भी उपस्थति रही। मोनिका के परिजनों ने आज पुलिस के समक्ष जो बयान दिए है उससे चौंकाने वाले तथ्य सामने आए है कि एक विधायक के घर में इतना बड़ा विवाद चल रहा था। परिजनों ने बताया कि आए दिन आदित्य और मोनिका के बीच विवाद होता रहता था और मोनिका बार बार परेशान होकर मायके चली जाती थी। माता पिता भी मोनिका को समझा बुझाकर ससुराल भेज देते थे। आदित्य शराब का आदी था और आए दिन मोनिका को प्रताड़ित करता था। एक दिन पूर्व ही मोनिका मायके से परासिया आई थी। मोनिका की बड़ी बहन ने मीडिया से बात करते हुए बताया है कि यह आत्महत्या नहीं हत्या है। मोनिका के हाथ और गले में चोट के निशान है। मामले को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि मामले की जांच चल रही है और आगे के तथ्य पीएम रिपोर्ट आने के बाद तय किए जाएंगे। वहीं एफएसएल टीम ने भी जांच शुरू कर दी है। फॉरेंसिंग टीम विधायक के घर पहुंचकर मोनिका का कमरा खोलकर जांच शुरू की है। मोनिका के कमरे से सोसाइट नोट भी बरामद किया गया है परंतु उसमें क्या लिखा हुआ है इस बात का खुलासा नहीं किया गया है। पुलिस का कहना है कि राइटिंग एक्सपर्ट से जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## पहले से विवादों में है आदित्य

परासिया विधायक सोहन बाल्मीकी का पुत्र आदित्य बाल्मीकी का नाता पूर्व में हुए एक बड़े विवाद से जुड़ा हुआ है। आदित्य ने एक साल पहले उसके साथ काम करने वाली लड़की का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल किया था और वह वीडियो उसके रिश्तेदारों को भेज दिया था जिसके कारण युवती ने जहर का सेवन कर लिया था। यही वह कारण था कि मोनिका और आदित्य में आए दिन विवाद होता था परंतु अपनी रसूख का फायदा उठाकर आदित्य मोनिका से विवाद करता था और उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। आदित्य को नशे की लत भी थी जिसके कारण वह मोनिका के साथ मारपीट कर परेशान करने का आदी हो चुका था। मोनिका अपने पति से बहुत ज्यादा प्रताड़ित हो चुकी थी इसके बाद ही उसने यह कदम उठाया। अश्लील वीडियो वायरल करने वाले मामले में विधायक पुत्र होने के नाते कोई विशेष कार्यवाही नहीं की गई। इसलिए भी उसके हौसले बुलंद थे। विधायक पुत्र होने का लाभ आदित्य निरंतर लेता था और यही कारण है कि वह मोनिका पर दबाव बनाता चला गया और उसे इस तरह का घातक कदम उठाना पड़ा।

### पहले दिन सात लोगों से जमा कराई राशि

## प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत शुरू हुई राशि रिकवरी प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह द्वारा लगातार प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत हितग्राहियों को दी राशि के बाद भवन निर्माण प्रारंभ कराने की समीक्षा की जा रही है। जिस पर निगम अमले द्वारा लगातार हितग्राहियों को कार्य प्रारंभ करने की समझाइश दी गई।

समझाइश के उपरांत भी कार्य प्रारंभ नही करने वाले हितग्राहियों के प्रकरण तैयार कर तहसीलदार छिंदवाड़ा को भेजे गए एवं संबंधितो को नोटिस जारी किए गए थे। इसके बाद शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पूर्व के 7 DPR के 163 हितग्राही को तहसीलदार द्वारा मांग पत्र 11/12/2023 जारी की गई थी । जिसमें समस्त हितग्राहियों को 15/12/2023 सुबह 11 बजे की पेशी दिनाँक दी गई थी।

उक्त सम्बंध मे शुक्रवार को माननीय न्यायालय मे पेशी के दौरान 53 हितग्राही उपस्थित रहे। 7 हितग्राहियों द्वारा राशि वापसी की गई एवं अन्य शेष हितग्राहियों को कार्य प्रारंभ करने अथवा राशि वापसी करने हेतु 7 दिवस का समय दिया गया।

इसके बाद शेष अनुपस्थित हितग्राहियों पर कुर्की की कार्यवाही हेतु प्रकरण बनाने के निर्देश दिए गए।इस दौरान छिंदवाड़ा तहसीलदार छिंदवाड़ा धर्मेंद्र चौकसे, योजना प्रभारी विवेक चौहान, आवास शाखा प्रभारी अक्षय चेड़गे सहित एजिस टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## जांच के लिए पैरामेडिकल कॉलेज पहुंची सीबीआई की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

हाईकोर्ट के निर्देश के बाद पूरे प्रदेश में पैरामेडिकल कॉलेजों की जांच के सख्त निर्देश दिए गए है और इसके बाद ही सीबीआई की एक टीम परासिया रोड स्थित एसएके कॉलेज पहुंची जहां टीम ने छापामार कार्यवाही करते हुए कॉलेज का लेखा जोखा अपने कब्जे में लिया। कॉलेज में फैकल्टी की जांच से लेकर छात्राओं की फीस, रजिस्टर का जायजा लिया। बताया जा रहा है कि पूरे प्रदेश में दर्जनों पैरामेडिकल कॉलेज फर्जी तरीके से संचालित किए जा रहे है। नियमो को ताक पर रखते हुए गुणवत्ताहीन शिक्षा के माध्यम से फर्जीवाड़ा करते हुए रजिस्टर और फैकल्टी का प्रबंधन किया जा रहा है। बच्चों से मनमानी फीस लेते हुए स्कॉलरशिप में भी कई बड़े घोटाले सामने आ चुके है परंतु आज भी इन कॉलेजों के संचालकों तक पुलिस हथकड़ी और जेल का खौफ नहीं आ पाया है। बेखौफ होकर कॉलेज का संचालन कर रहे इन शिक्षा माफियाओं पर सैकड़ों बच्चों की जिंदगी बर्बाद करने का ठिकरा फोड़ा जाए तो भी कम होगा। बहरहाल हाईकोर्ट की याचिका पर सुनवाई करते हुए ऐसे संदिग्ध कॉलेजों पर बैन लगा दिया गया है और सीबीआई की जांच टीम जांच में जुटी हुई है।

### बिछुआ में सीबीआई जांच के लिए दो दिन पूर्व ही बनाया अस्थायी कॉलेज

आदिवासी अंचल बिछुआ में एक ऐसा ही पैरामेडिकल कॉलेज है जो कि सीबीआई की जांच आते ही विद्या विहार पब्लिक स्कूल को अपना कॉलेज घोषित कर दिया है। अब देखना यह है कि इस अपराध में विद्या विहार पब्लिक स्कूल के संचालक और पैरामेडिकल कॉलेज के संचालक के विरूद्ध सीबीआई क्या एक्शन लेती है।

### डॉ महेश कुमार चांडक को मिलेगा वैश्य गौरव सम्मान 17 दिसंबर को

**छिंदवाड़ा।** जिले की बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ महेश कुमार चांडक पुत्र सुंदरलाल विमला देवी चांडक को 17 दिसंबर को छिंदवाड़ा में पूर्व गृह मंत्री और वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता प्रदेश महामंत्री विजय झांझरी के अध्यक्षता में मनीष अग्रवाल विशिष्ठ अतिथि की उपस्थिति में तथा श्रीमती मीना गुप्ता प्रदेशाध्यक्ष महिला इकाई एवं श्री विकास डागा प्रदेशाध्यक्ष युवा इकाई की विशेष उपस्थिति में डॉ महेश कुमार चांडक को इस वर्ष वैश्य गौरव सम्मान दिया जायेगा। डॉ महेश कुमार चांडक वर्तमान में जिला उपभोक्ता आयोग बालाघाट में न्यायिक सदस्य नियुक्ति माहेश्वरी समाज के निर्वाचित अध्यक्ष, राज्यस्तरीय स्वतंत्र पत्रकार ,22 वर्षों तक व्यापारी मंडल के लगातार अध्यक्ष, रोटरी क्लब अध्यक्ष, शक्कर व्यापारी संघ अध्यक्ष, प्रेस क्लब और वैश्य संगठन में विभिन्न पदों पर तथा मध्यप्रदेश शासन मुख्यमंत्री द्वारा संपूर्ण जबलपुर संभाग में पत्रकारिता सम्मान, मध्यप्रदेश शासन द्वारा PC & PNDT में कन्या भ्रूण हत्या मामले में स्टिंग ऑपरेशन पर पुरुस्कृत, अल्प बचत में सर्वाधिक राशि जमा पर भारत सरकार और मध्यप्रदेश सरकार द्वारा पुरुस्कृत किया।



### जलकर जमा न करने पर तीन नल कनेक्शन किए गए विच्छेद

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह ने समय सीमा बैठक में जलकर एवं संपत्ति कर जमा न करने वाले लोगों पर कार्यवाही के निर्देश दिए थे। इस निर्देश के पालन में विभिन्न वार्डो में तीन नल कनेक्शन विच्छेद किए गए। इन बकायदारों पर जलकर की 5 हजार से अधिक की राशि बकाया थी। यह कार्यवाही वार्ड क्रमांक 22 एवं 33 में की गई। शुक्रवार को हुई इस कार्यवाही में जल प्रदाय प्रभारी विवेक चौहान, राजस्व निरीक्षक शेखर पटेल एवं धर्मेंद्र माहोरे सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

### ठंड से बचने बच्चों को बांटे गरम स्वेटर



**जुन्नारदेव।** भारत विकास परिषद के प्रांतीय संगठन मंत्री सत्येन्द्र ठाकुर ने बताया कि आयुष विभाग के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रवीण रघुवंशी जी के सहयोग से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम नेर के पहली से पाँचवी में अध्ययनरत छात्र छात्र छात्राओ को भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा के तत्वाधान में ठंड से बचने स्वेटर का वितरण किया गया इस अवसर पर भारत विकास परिषद के प्रांतीय संगठन मंत्री सत्येन्द्र ठाकुर,डॉक्टर प्रवीण रघुवंशी,जीत सिंह ठाकुर,संकुल प्रभारी आर एस बघेल,अमन जैन,मीता रघुवंशी,देवेंद्र सोनी जी व शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## 50 से अधिक मांस दुकानों को कडी समझाईश

**पांढुर्ना :** आज नगरपालिका पांढुर्ना ने एक दल बनाकर साप्ताहिक बाजार में बिना लाइसेंस और खुले में मटन, चिकन एवं मछली बेचने वालों को कडी समझाईश देते हुए 2-3 दिनों में लाइसेंस बनाने और मास को ढांप कर बेचने की व्यवस्था बनाए जाने के निर्देश दिए। बता दे कि शहर में अनेक स्थानों पर बिना लाइसेंस के मटन एवं चिकन के शॉप धडल्ले से चलाए जा रहे है। जबकि नगरपालिका पांढुर्ना ने जयस्तंभ चौक से अंबाडा रोड पर चिकन एवं मटन बेचनेवालों के लिए अलग अलग सुविधायुक्त बाजार बनाया हुआ है। हालांकि साप्ताहिक बाजार के दिन अधिकांश दुकानें उक्त बाजार में ही लगाई जाती है। लेकिन सप्ताह के दूसरे दिनों में लोग मनमर्जी से दुकानें संचालित करते है। शहर के कुछ अन्य हिस्सों में भी चिकन मटन के लिए कुछ लोगों ने स्थायी दुकानें बना ली है। लेकिन इन लोगों के पास मांस बेचने का लाइसेंस है या नहीं और है तो चालू हालत में है या नहीं यह देखना काफी दिलचस्प होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरपालिका पांढुर्ना मांस, मटन एवं मछली विक्रेताओं पर सीधी कारवाई करने के स्थान पर पहले उन्हें लाइसेंस लिए जाने, खुले की जगह पक्की जगह पर और नगरपालिका द्वारा तयशुदा जगह पर व्यापार करने के लिए राजी होने का मौका दे रही है। लेकिन समझाईश के बाद भी इन विक्रेताओं ने अपनी मनमर्जी बंद नहीं की तो इन सभी पर नियमानुसार कारवाई की जाएगी।

## महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को एड्स की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में दिनाक 15 दिसंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई व रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉक्टर आरपी यादव व आईयक्यूएसी संयोजक डॉक्टर पूजा तिवारी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

शुरुआत में ज्ञान की आराध्य देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजन अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम में दिवाकर कराड़े DRB नितेश डेहरिया ZB, विभा बिंझाड़े ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर व अंकिता चौरिया, वीरेन्द्र घाघरे CLW रासोयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ नवीन कुमार चौरसिया व कुमारी शिवानी सोनी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि दिवाकर कराड़े ने एड्स होने के कारण लक्षण व बचाव के उपाय के बारे में विस्तृत जानकारी दी। नितेश डेहरिया ने बताया कि एड्स एक ऐसी बीमारी है जो रोगी को धीरे धीरे कमजोर कर देती है। इम्यून सिस्टम को कमजोर करने वाली बीमारी एड्स के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है साथ ही विभा बिंझाड़े ने अपने वक्तव्य के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया।

## कलेक्टर ने विद्यार्थियों से किया संवाद कर जानी समस्याएं

### साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

कलेक्टर अजय देव शर्मा ने शुक्रवार ग्राम सिवनी और बड़चिचोली क्षेत्र का दौरा कर स्वास्थ्य सुविधाओं और शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ग्राम सिवनी में कलेक्टर अजय देव शर्मा ने उपस्वास्थ्य केन्द्र का अवलोकन किया। इस दौरान यहां चिकित्सकों की कमी की बात सामने आई। निरीक्षण के दौरान केन्द्र में साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखे जाने के दिशा-निर्देश दिए। सिवनी के शासकीय हाईस्कूल पहुंचकर जिला कलेक्टर ने कक्षाओं में विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने साइंस और गणित विषयों पर विद्यार्थियों से सवाल किए। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को सुबह-शाम की कार्ययोजना बनाकर नियमित अध्ययन कर सफलता पाने के भी टिप्स दिए।कलेक्टर ने बडचिचोली हाईस्कूल में निरीक्षण करते हुए विद्यालय संचालन, शिक्षकों की उपलब्धता और विद्यार्थियों की संख्या के संबंध में जानकारी लीं। यहां अंग्रेजी व गणित विषयों के शिक्षकों से चर्चा कर अध्ययन व्यवस्था में सुधार करने की बात कही। ग्राम पंचायत पहुंचकर सचिव व ऑपरेटरों से केवाईसी अपडेशन की जानकारी लेकर समीक्षा कीं। साथ ही प्रतिदिन हितग्राहियों के केवाईसी अपडेशन कराने के निर्देश दिए। पंचायत प्रतिनिधियों और कर्मचारियों को भारत संकल्प यात्रा के दौरान अच्छा प्रदर्शन करने के दिशा-निर्देश दिए।

### ग्रामीण शालाओं में उपहार प्राप्त कर लाभान्वित हो रहे छात्र

**छिंदवाड़ा।** जिले के चौरई विकास खण्ड की दूरस्थ अंचल की संस्थाओ में समाजसेवियों से संपर्क कर उपहार प्राप्त कर छात्र-छात्राओं को लाभान्वित किया जा रहा है आज शासकीय माध्यमिक शाला कौआखेड़ा में 42 बच्चों को निःशुल्क शर्ट बांटी गई ।इस अवसर पर पालक गण एवम ग्रामीण उपस्थित रहे ।छात्र-छात्राओं को हाउस ड्रेस बांट कर नवाचार किया । पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष श्री नंदलाल कहार पंच श्री खेमू किसनपुरिया, श्री सुखराम उइके, पालक श्रीमती दीपिका बम्होरे,प्रधानपाठक श्री तेजकुमार चौरिया, शिक्षक श्री बलराम बरकोरिया , श्री महिपाल जवारकर, श्री संजय वर्मा ,श्री सुधीर यादव ने उपस्थित माताओं-पालकों की उपस्थिति में बच्चों को शर्ट का वितरण किया।

### कलेक्टर के निर्देश पर शहर में शुरू किया निगम ने अभियान

# खुले में पशु मांस एवं मछली विक्रय के विरुद्ध प्रारंभ हुआ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार छिंदवाड़ा कलेक्टर मनोज पुष्प के आदेश पर नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह के मार्गदर्शन में निगम क्षेत्र में खुले में पशु मांस एवं मछली के विक्रय करने वाले दुकानदारों को समझाइश देते हुए शुक्रवार से अभियान को प्रारंभ किया गया।अभियान प्रारंभ के पूर्व निगम सभाकक्ष में निगमायुक्त राहुल सिंह द्वारा कलेक्टर द्वारा गठित दल की बैठक लेकर अभियान की योजना बनाई गई। इसके पश्चात दल द्वारा शहर के मटन मार्केट क्षेत्र एवं देर शाम को रेलवे स्टेशन के पास खुले में पशु मांस एवं मछली का विक्रय करने वाले दुकानदारों को नियमानुसार विक्रय करने की समझाइश दी। दुकानदारों को समझाइश दी गई कि पशु मांस का विक्रय करने के लिए नगर निगम से विधिवत अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त करने के बाद ऑनलाइन के माध्यम से खाद्य विभाग से अनुज्ञप्ति लेना होता है। शुक्रवार को हुई इस कार्यवाही में नायब तहसीलदार दृष्टि चौबे, खाद्य सुरक्षा अधिकारी गोपेश मिश्रा, प्रभारी कार्यपालन यंत्री भूपेंद्र मनवारे, सहायक यंत्री मुकेश चोखे , ब्रजेश पांडे, राजस्व अधिकारी साजिद खान सहित सभी स्वच्छता निरीक्षक एवं अतिक्रमण दल के सदस्य उपस्थित रहे।

## खुले में पशु मांस एवं मछली विक्रय के विरुद्ध चला अभियान

**जुन्नारदेवः** कलेक्टर छिंदवाड़ा मनोज पुष्प द्वारा बिना अनुज्ञप्ति अथवा लायसेंस शर्तों का उल्लंघन करते हुए खुले में पशु मांस तथा मछली के विक्रय के संबंध में आदेश जारी किया गया। इस आदेश के तारतम्य में नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा नगर में चिकन दुकानों मटन एवं मछली की दुकानों में पहुंचकर खुले में मांस नहीं बचने की समझाइश दी गई।नगर पालिक दल द्वारा प्रारंभ में खुले में पशु मांस एवं मछलियों के विक्रय न करने की समझाइश देते हुए दुकानदारों को समझाइए देते हुए शनिवार को नगर पालिका कार्यालय में उपस्थित होने के आदेश दिए।इसके बाद भी आदेशो की अवहेलना करने पर दुकानों अतिक्रमण निरोधी दस्ते, स्थानीय पुलिस प्रशासन तथा पशु चिकित्सा अधिकारी के साथ सामन्जस्य से कार्यवाही की जायेगी। नगर पालिका क्षेत्र में विभिन्न वार्डों में तथा मार्केट में चिकन दुकान संचालित होती है ।जिन पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा कार्रवाई करना प्रारंभ कर दिया है।


**कार्यालय बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. पांजरा**
तहसील चांद जिला छिंदवाड़ा
पंजीयन क्र. 480 दिनांक 31.12.1994
क्रमांक/आमसभा/2023/क्यू दिनांक 03.12.2023
-:: विशेष साधारण आमसभा की सूचना::-
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. पांजरा के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की विशेष साधारण आमसभा दिनांक 26.12.2023 दिन मंगलवार को समय दोपहर 1:00 बजे समिति कार्यालय भवन पांजरा में आयोजित की गई है जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
विषय सूची निम्नानुसार है
1. संस्था की पंजीकृत उपविधि कंडिका (3) में संस्था के कार्यक्षेत्र के ग्रामों में से ग्राम 10 एवं 5 पृथक कर नवीन प्रस्तावित बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. खुटपिपरिया के गठन हेतु संशोधन बाबद विचार

| वर्तमान शब्दावली | संशोधित शब्दावली | संशोधन का कारण |
|---|---|---|
| निम्नलिखित राजस्व गांव (ग्रामों) पंचायतों में सोसायटी का संचालन कार्यक्षेत्र होगा पांजरा, बाड़ीवाड़ा, लोनीकला, लो नी खु र्द ,झि रि या , केरिया, खुटपिपरिया, मोहगांव, पलटवाड़ा, पालादोन, बरेलीपार | निम्नलिखित राजस्व गांव (ग्रामों) पंचायतों में सोसायटी का संचालन कार्यक्षेत्र होगा खुटपिपरिया, मोहगांव, पलटवाड़ा, पालादान, बरेलीपार | प्रस्तावित नवीन बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. खुटपिपरिया का गठन प्रस्तावित होने के कारण |

2. संस्था के पुनर्गठन हेतु प्रस्तावित योजना के अनुमोदन बाबद विचार।

प्रबंधक
मोहन पाण्डेय
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या.पांजरा

नए मुख्यमंत्री के आदेश की हो रही है सराहना, व्यापारियों और दुकानदारों को आदेशों का पालन करने के दिए सख्त निर्देश

# खुले में मांस मछली बेचने वालों पर होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौंसर



पुलिस थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।बैठक के दौरान हाल ही में प्रदेश स्तर से मिले हुए निर्देशों को लेकर अधिकारियों ने शांति समिति के सदस्यों एवं आम जनमानस के साथ में चर्चा की है। शांति समिति की बैठक में प्रमुखता से एसडीएम अंकिता त्रिपाठी, तहसीलदार अशोक मडमें,डीएसपी डी व्ही नागर सौसर थाना प्रभारी जितेंद्र यादव, लोधीखेड़ा थाना प्रभारी दीपक डेहरिया,नपा आर आई रमन बागड़ेआदि प्रमुखता से उपस्थित थे।मिली जानकारी के अनुसार बैठक के दौरान मास विक्रेताओं को बिना लाइसेंस और अनुमति के उल्लंघन करते हुए खुले में पशु मांस तथा मछली के विक्रय पर कार्रवाई की बात कही गई है। सभी मांस विक्रेताओं को खुले में पशु मांस एवं मछलियों के विक्रय नहीं करने को लेकर समझाइश दी गई है। साथ ही धार्मिक स्थलों पर बजने वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर भी अपने परिसर सीमा और शासन से मिली हुई गाइडलाइन के अनुसार उपयोग करने के साथ ही डीजे संचालक को भी शासन से आए हुए नए आदेशों से अवगत कराते हुए उनका कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए है।

## भाजपा नेताओं ने दिया सौंसर थाना प्रभारी को धन्यवाद



**सौंसर।** बीते दिनों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ में भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष राहुल मोहड़ के द्वारा सौसर नगर एवं क्षेत्र में चल रहे अवैध धंधों पर अंकुश लगाने को लेकर प्रशासन के नाम ज्ञापन सोपा गया था। शुक्रवार को जिला भाजपा उपाध्यक्ष राहुल मोहड़ ने कार्यकर्ताओं के साथ में सौसर थाना पहुंचकर थाना प्रभारी जितेंद्र यादव से चर्चा अब धंदो पर की जा रही धरपकड़ एवं कार्रवाई पर धन्यवाद प्रेषित किया।श्री मोहोड ने बताया कि सौसर तहसील में अवेध धंधे पर अंकुश लगाने के लिए बीते दिनों थाना प्रभारी सौसर को ज्ञापन देकर सूचित किया गया था। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और अवैध धंधों पर अंकुश लगाया गया है। इसी प्रकार की पुलिस के द्वारा आगे भी कार्रवाई जारी रखनी चाहिए क्षेत्र सुरक्षित शांत बना रहे ऐसी अपील थाना प्रभारी से की गई। इस दौरान भाजपा नेता नरेंद्र कुकडे खुशाल उफाट,गोलू वाडेकर,परसराम राने, दिलीप हेडाऊ,खेमराज सोनेकर आदि थे।

## मदरसा मोहम्मदिया के बच्चों को वितरित की सामग्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुन्नारदेव

मानवता ही श्रेष्ठ सेवा को चरितार्थ करते हुए आनंद फाउंडेशन लगातार नगर के शैक्षणिक संस्थानों में पहुंचकर गरीब बच्चों की मदद कर रहा है इसी कड़ी में शुक्रवार को आनंद फाउंडेशन के डॉ पी अजवानी द्वारा मदरसा मोहम्मदिया एजुकेशन सोसाइटी में पहुंचकर गरीब बच्चों की मदद की गई फाउंडेशन द्वारा बच्चों को पाठ्य सामग्री के अतिरिक्त खेल सामग्री भी वितरित की गई जिससे वह अपनी खेल प्रतिभा को निखार सके इस अवसर पर डॉ अजवानी ने कहा कि अपने अंदर की प्रतिभा को उजागर कर एक श्रेष्ठ नागरिक के रूप में अपने आप को स्थापित करना ही सबसे महत्वपूर्ण है एक अच्छे बच्चे के संस्कार और शिक्षा पूरे समाज को रास्ता दिखाती है इसलिए हमें सदैव सही रास्ते पर चलना चाहिए और अपने अंदर की प्रतिभा को निखार कर समाज और देश के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए कार्यक्रम का संचालन मदरसा मोहम्मदिया के संचालक मोहम्मद ताहिर द्वारा किया गया इस दौरान मदरसा मोहम्मदिया का शैक्षणिक स्टाफ नन्हे मुन्ने बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## धार्मिक स्थलों में ध्वनि विस्तारक यंत्र एक मापदंड के आधार पर बजाया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दमुआ

राज्य सरकार के मुखिया माननीय डॉ मोहन यादव जी के शपथ ग्रहण करते ही उन्होंने उन्होंने धार्मिक स्थलों में जैसे मंदिर जामा मस्जिद , गुरुद्वारा, चर्च( गिरजाघर )आदि जैसे धार्मिक स्थलों में जो ध्वनि विस्तारक यंत्र अधिक साउंड में बजाए जाते हैं उन पर सरकार के द्वारा प्रतिबंध सा लगाया गया है और स्पष्ट राज्य शासन को दिशा निर्देश दिए गए हैं बिना अनुमति के किसी भी धार्मिक स्थलों में अधिक साउंड सर्विस सिस्टम में ध्वनि यंत्र नहीं बजाया जाएगा जिसके परिपालन में आज दिनांक 15 दिसंबर दिन शुक्रवार को पुलिस थाना दमुआ में धार्मिक स्थल मंदिर समिति जामा मस्जिद कमेटी मेंबर के सदस्य गुरुद्वारा कमेटी के प्रमुख एवं चर्च गिरजाघर समिति के प्रमुख सदस्यों की बैठक आयोजित की गई और पुलिस थाना दमुआ में थाना प्रभारी श्री कोमल सिंह रघुवंशी जी के द्वारा राज्य शासन के द्वारा जो दिशा निर्देश का पालन करने की बात कही गई है जिसमें धार्मिक स्थलों में निर्धारित मापदंड के आधार पर ही ध्वनि विस्तारक यंत्र साउंड सर्विस बजाया जाए और वह भी आप सभी को उसके लिए विशेष रूप से अनुमति लेनी होगी बिना अनुमति के यदि किसी भी धार्मिक स्थल में यदि साउंड सिस्टम तो ऐसे मंदिर समिति के प्रमुख सदस्यों को यहां निर्देश जारी किया गया है और यहां भी बताया गया कि चाहे अपने स्वयं अपने निवास घरों में होने वाले कार्यक्रम आयोजन क्यों ना हो ऐसे आयोजनों में भी प्रतिबंध सा लगा दिया गया है। घरों में होने वाले कार्यक्रम आयोजन में साउंड सर्विस जैसे डीजे ,लाउडस्पीकर, ध्वनि विस्तारक यंत्र आदि बजाने के संबंध में आप सभी को पहले एसडीएम एवं सक्षम अधिकारी से अनुमति लेनी होगी जबकि बैठक में मुख्य रूप से धार्मिक स्थल मंदिर समिति के अध्यक्ष, पदाधिकारी, प्रमुख सदस्य , गणमान्य नागरिक , पत्रकार बंधु , पुलिस थाना दमुआ के टी आई एवं पुलिस बल मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## प्राइवेट स्कूलों की छात्रवृत्ति स्वीकृत एवं आरटीई की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुन्नारदेव



विकासखंड जुन्नारदेव के प्राइवेट विद्यालयों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसमें प्रोफाइल अपडेशन संबंधी जिसमें यू डाइस अपडेशन ,छात्रवृत्ति स्वीकृत एवं RTE की समीक्षा की गई ।इसमें एपीसी भानु गुमास्ता, बीआरसी अरविंद डेहरिया, बीएसी अवधेश विश्वकर्मा अरविंद तिवारी, ओ पी सोनी,संजय व्यास, जन शिक्षक सुदामा विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में बीआरसी ने सभी प्राइवेट स्कूलों को आदेशित किया कि वह अपने यू.डइस कंप्लीट करें। इस अवसर पर छिंदवाड़ा से आए एपीसी ने मान्यता एवं नवीनीकरण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सभी प्राइवेट स्कूल अपनी समिति की मान्यता एवं धारा 27और28 की जानकारी अपडेट रखें। नवीनीकरण के समय स्कूल बिल्डिंग रैंप टायलेट की फोटो अपलोड करने के साथ ही संपूर्ण दस्तावेज अपलोड करने के बाद लॉगिन करें। नवीनीकरण के लिए अधूरी फाइल बीआरसी कार्यालय के माध्यम से जिला कार्यालय ना पहुंचाएं। आगे श्री भानु गुमास्ता ने कहा कि प्राइवेट स्कूलों में जिन बच्चों की आरटीई के तहत फीस प्रतिपूर्ति शासन करता है ।ऐसे बच्चों से स्कूल में फीस न ली जाए। तथा प्राइवेट स्कूल अपने टीचरों को बैंक के माध्यम से वेतन देना सुनिश्चित करें। नगद भुगतान करने से बचें । तथा स्कूलों के बैंक खाते अपडेट रखें।बैठक के दौरान बीआरसी कार्यालय के अरविंद तिवारी ने बताया कि जिन बच्चों के आधार नहीं बने हैं उसको मैपिंग करने के लिए 12 बार 9 अंक दर्ज कर कार्रवाई पूर्ण करें। आगे उन्होंने बताया कि पांचवी आठवीं की अंक सूची प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन राशि जमा करने के बाद बीआरसी कार्यालय से अंक सूची प्राप्त करें। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि जिन बच्चों के आधार नहीं बने हैं। उनकी सूची तथा के.जी. वन ,केजी .टू. में अध्यनरत बच्चों की सूची बीआरसी कार्यालय में जमा करें ताकि अग्रिम कार्रवाई की जा सके। उपरोक्त बैठक में क्षेत्र के 25- 30 स्कूलों के संचालक एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## लगभग साढ़े 5-6 लाख के जेवरात व नगदी पर चोरों ने किया हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



नगर से सटे हुए ग्राम सिकन्द्रा में स्थित एक समाचार पत्र के संपादक व पत्रकार मुकेश वाहने के पैतृक घर से शातिर चोरों द्वारा पूरी सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए लगभग साढ़े 5-6 लाख रुपये के जेवर व नगदी पर हाथ साफ कर लिया गया। चोर इतने होशियार थे कि उन्होंने घर की सुरक्षा के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की भी चिंता नहीं की और उसका डीवीआर भी चुरा कर ले गए। जिससे उनकी पहचान का कोई सबूत भी बाकी नहीं रह पाए।

इस घटना की सूचना मिलने पर एसडीओपी अभिषेक चौधरी, नगर निरीक्षक शंकर सिंह चौहान, डॉग स्टाफ, सायबर सेल, फिंगर प्रिंट विभाग के सदस्यगण घटनास्थल पर पहुँचे और जॉच पड़ताल की। लेकिन फिलहाल अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं मिला हैं। इस संबंध में समाचार लिखे जाने तक चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई थी, क्योंकि कोई भी घर में नहीं था। इस संबंध में संपादक मुकेश वाहने ने बताया कि उनकी माताश्री का स्वास्थ्य खराब होने के कारण कुछ दिन पूर्व वह उन्हें लेकर जबलपुर चले गए थे और घर में कोई भी नहीं था। शुक्रवार की सुबह उन्हें अपने परिचितों से सूचना मिली कि घर के ताले टूटे हुए हैं और चोरी हो गई हैं। जिसके बाद वह शाम को जबलपुर से वारासिवनी पहुँचे हैं।

उन्होंने बताया कि चोरो ने घर में रखी हुई चार आलमारियों के ताले तोडक़र उनमें रखे हुए सोने की जेवर लगभग 8 तोले, चॉदी के जेवर और बच्चों के गुल्लक में रखी हुई रकम व माताश्री के एकत्रित की गई रकम, जो लगभग डेढ़ लाख रुपये हैं, पिताजी का कागजातों से भरा हुआ एक बैग चुरा कर ले गए हैं। वहीं चोरों ने डीवीआर भी चुरा लिया हैं, जिससे सीसीटीवी कैमरे में उनकी फोटो भी नहीं आ सकी हैं। उन्होंने बताया कि घर से चोरी गए सामान की सूची बनाकर पुलिस थाने में रिपोर्ट की जा रही हैं।

## डॉ मोहन यादव के सीएम बनने पर पूर्व विधायक के निवास पर हुई जमकर आतिशाबाजी, मिठाई खिलाकर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



मध्यप्रदेश के पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव को भाजपा हाईकमान द्वारा अचानक मुख्यमंत्री बना दिए जाने से पूरे प्रदेश के भाजपाई आश्चर्यचकित हैं। जिसके कारण सोमवार की शाम को उनके नाम की घोषणा होने के बाद नगर व क्षेत्र में भाजपाईसकते में रहे और किसी प्रकार का उत्साह या उमंग उनमें नजर नहीं आया। लेकिन मंगलवार की शाम को वारासिवनी-खैरलॉजी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा भूतपूर्व विधायक डॉ. योगेन्द्र निर्मल ने अपने निज निवास में भाजपा के कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ जमकर आतिशबाजी की और मिठाई बॉटकर खुशी मनाकर एक-दूसरे को बधाईयॉ व शुभकामनाएँ दी।

मीडिया से चर्चा के दौरान भूतपूर्व विधायक डॉ. निर्मल ने कहा कि प्रदेश के नए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाने पर खुशियॉ मनाई गई हैं। नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री मोहन यादव और मै स्वयं 2013 में पहली बार विधायक चुनकर विधानसभा में पहुँचे थे, तब उनसे मुलाकात हुई थी। उनके कार्य करने की शैली को मैने बहुत करीब से देखा हैं, केन्द्रीय नेतृत्व ने बहुत ही योग्य व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया हैं। प्रदेश में नए चेहरे को अवसर मिला हैं, इसलिए केन्द्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूॅ।

### जितने भी आरोप लगाए गए हैं सब बेबुनियाद हैं- डॉ. निर्मल

विधानसभा चुनाव जीतने के बाद निकली विजय रैली के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी विवेक विक्की पटेल द्वारा पूर्व विधायक डॉ. योगेन्द्र निर्मल के घर पहुँच कर उनका आशीर्वाद लेने की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। जिस पर सोशल मीडिया में कुछ लोगों द्वारा तल्ख टिप्पणी की गई थी। जिसके संबंध में डॉ योगेन्द्र निर्मल ने कहा कि जितने भी आरोप लगाए गए हैं, सब बेबुनियाद हैं। जिनके द्वारा इस प्रकार की बातें की जा रही हैं, अगर वह जीत जाते, तो कहते की घर में रहने के बाद भी हमने जीत कर दिखाया। लोकसभा चुनाव में उनकी भूमिका के संबंध में पूछे जाने पर डॉ योगेन्द्र निर्मल ने कहा कि अपने समर्थकों के साथ बैठक कर निर्णय लेने के बाद भूमिका तय की किया जाएगा।

## बौद्ध युवक युवती सामूहिक विवाह परिचय सम्मेलन 21 जनवरी को भोपाल में

**वारासिवनी।** दि बुद्धिस्ट समाज विकास समिति भोपाल द्वारा 21 जनवरी 2024 दिन रविवार को प्रातः 10 बजे से नर्मदीय भवन, बाल भवन के पास तुलसी नगर सेकंड स्टाफ भोपाल मध्यप्रदेश में अखिल भारतीय 24 वां बौद्ध युवक युवती सामूहिक विवाह परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा हैं। इस बात की जानकारी देते हुए डॉ. आर के डोंगरे ने बताया कि यह कार्यक्रम विगत 28 वर्षों से सतत जारी हैं। जिसमें इच्छुक डॉक्टर, इंजीनियर, आई आई टी एवं आईआईएम शिक्षा प्राप्त शासकीय, प्राइवेट नौकरी में कार्यरत युवक व युवतियां सम्मिलित होते आ रहे हैं। इस अवसर पर इच्छुक जोड़े एवं दोनों पक्षकारों की सहमति से सामूहिक विवाह का कार्यक्रम समारोह शाम 6 बजे आयोजित किया जाएगा। समाज में युवक युवतियों को विवाह में आने वाली कठिनाइयों से निजात पाने के लिए समिति द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

नक्सल प्रभावित ग्राम लोड़ामा में सोननदी से लगी कछार भूमि का मामला

## कछार की भूमि में बहकर आई रेत को रोड निर्माण के लिये बेच दिया

हरिभूमि न्यूज लांजी।



क्षेत्र में जहां खनिज माफियाओं द्वारा एक ओर रायल्टी चोरी कर रेत का अवैध परिवहन एवं खरीदी बिक्री की जा रही है। वहीं इन्हीं खनिज माफियाओं के हमकदम बनते हुए ग्रामीण भी शासन को राजस्व का चूना लगाने से पीछे नहीं हैं। ताजा मामला लांजी जनपद क्षेत्र के नक्लस प्रभावित ग्राम लोड़ामा का सामने आया है, जहां जगवासा बाई चौधरी एवं अनुसूईयाबाई चौधरी के नाम पर दर्ज लगभग 15 एकड़ से अधिक कछार भूमि में बारिश के दौरान नदी में आई बाढ़ में बहकर आई रेत किसानों के कछार भूमि में जमा हो गई। उल्लेखीय है की उक्त ग्राम लोड़ामा जो चारो ओर से वनविभाग के अंतर्गत आता है। जहां ठेकेदार द्वारा ग्राम के ट्रेक्टर मालिकों के साथ सांठगाठ कर कछार भूमि की रेत को अवैध रूप से परिवहन कर बिना रायल्टी कटाए एवं विभाग को सूचना दिये बिना पुलिया एवं रोड निर्माण में झोंक दिया। जिसकी खबर लगते ही वनविभाग के अधिकारियों द्वारा 14 दिसंबर को परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक जाट वन परिक्षेत्र अधिकारी पूर्व लांजी (सा) दल बल के साथ कछार भूमि का निरीक्षण भी किया और निरीक्षण के दौरान पाया गया की उक्त भूमि राजस्व के अंतर्गत आती है। परिक्षेत्र अधिकारी श्री जाट ने बताया की उक्त कछार भूमि वनविभाग के अंतर्गत नहीं आती है अतरू वे इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं कर सकते है परंतु राजस्व भूमि होने के कारण पत्र व्यवहार के माध्यम से लांजी एसडीएम एवं तहसीलदार को इस मामले की सूचना दी जाएगी जो नियमानुसार कार्यवाही करेंगे। इस मामले में यह जानकारी भी लगी की कछार भूमि से रेत का अवैध परिवहन करने में जिन ट्रेक्टर मालिकों द्वारा अपने ट्रेक्टर लगाये गये थे वह या तो राजनीतिक क्षेत्र के लोगों से सबंध रखते है या वह स्वयं जनप्रतिनिधी के रूप में कार्य कर रहे है जिसमें लोड़ामा सरपंच लक्ष्मीचंद आचरे के बड़े भाई राजू आचरे, जनपद सदस्य गोकुल चौधरी एवं कांग्रेसी कार्यकर्ता युनूस खान के द्वारा रेत के अवैध परिवहन में लगाया गया था जिनके द्वारा नियमों को ताक पर रखकर जमकर रायल्टी चोरी की जा रही है और शासन.प्रशासन को राजस्व का चूना लगाया जा रहा है।

**उत्खनन में किया गया कृषि उपकरणों का उपयोग:** ग्राम लोड़ामा में कृषि के नाम पर ट्रैक्टर खरीद कर किसानों द्वारा अवैध उत्खनन और खनन कार्य में ट्रैक्टर ट्राली का उपयोग किया जा रहा है। यह ट्रेक्टर 24 घंटे अपना काम कर रहे हैं। चाहे दिन हो या रात नदियों में नजर आ रहे हैं। लांजी क्षेत्र के लोड़ामा सोन नदी में अवैध उत्खनन का कार्य चल रहा है, लेकिन इस ओर न तो स्थानीय प्रशासन द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न खनिज विभाग द्वारा कोई कार्रवाई की जा रही है। वहीं उक्त मामले में उत्खनन करने वालों की राजनीतिक व प्रशासनिक पकड़ की भी बात सामने आई जिन्हें प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यवाही का भी कोई भय नहीं है। सूत्रों के मुताबिक अवैध उत्खनन करने वालों की अच्छी पकड़ है। कोई जनप्रतिनिधि है, तो प्रशासनिक अधिकारियों एवं नेताओं की आड़ में उत्खनन करने में जुटे हुए हैं। क्षेत्र से रोजाना दर्जनों ट्रैक्टर ट्राली अवैध रेत खनन कर रहे हैं। क्षेत्र में खनिज माफिया द्वारा सोन नदी से कछार में आई रेत का बिना परमिशन के रोजाना पचासों ट्राली रेत निकाल रहे हैं। खनिज विभाग के उदासीन रवैये के चलते खनिज माफिया सक्रिय हो रहे हैं। इससे राजस्व विभाग को चूना लग रहा है। इसकी जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को होने के बावजूद वे चुप्पी साधे हुए हैं। शिकायतें होने पर प्रशासन द्वारा गिने चुने कुछ लोगों को पकड़ा जाता है। वहीं नाममात्र के लिए कार्रवाई भी की जाती है, लेकिन अवैध उत्खनन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

### इनका कहना है

उक्त रेत की रायल्टी चोरी एवं बिना अनुमति रेत परिवहन का मामला मेरे संज्ञान में आया है। हमारे द्वारा मायनिंग अधिकारियों को इस मामले की जांच करने के लिये कहा गया है, रेत चोरी और अवैध परिवहन सिद्ध होने पर दोषियों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी साथ ही ट्रेक्टर मालिकों पर उचित कार्यवाही की जाएगी।

अब सड़क किनारे धरने पर बैठे ग्रामीण डाक कर्मचारी

## चौथें दिन भी जारी रही डाक कर्मचारियों की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज कटंगी।




देश भर के ग्रामीण डाक कर्मचारियों ने अपनी 07 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की है. यहां कटंगी-तिरोड़ी तहसील के ग्रामीण डाक कर्मचारी भी इस हड़ताल में शामिल होकर कटंगी मुख्यालय के डाकघर परिसर में हड़ताल पर बैठे हुए थे. जिन्हें 04 दिन बाद शुक्रवार को परिसर से बाहर कर दिया गया है अब डाक कर्मचारी सड़क किनारे बैठकर धरना दे रहे है. इसके अलावा ग्रामीण डाक कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त कराने के लिए लगातार कर्मचारियों को काम पर लौटने का नोटिस भी थमाया जा रहा है मगर, ग्रामीण डाक कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए है. शनिवार को डाक कर्मचारी शहर में पैदल रैली निकालकर जनता से हड़ताल में सहयोग की अपील करेंगें. कटंगी-तिरोडी सहित समूचे बालाघाट जिले के ग्रामीण डाक कर्मचारी अखिल भारतीय डाक सेवक संघ के बैनर तले हड़ताल पर है जिससे ग्रामीण अंचलों में डाक विभाग से जुड़े तमाम कामकाज प्रभावित हो रही है।

ग्रामीण डाक कर्मचारियों ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में 08 घंटे काम और पेंशन सहित सभी लाभ प्रदान करना प्रमुख रूप से शामिल है. इसके अलावा नियमित कर्मचारियों के समान 1 जनवरी 2016 से टीआरसी (समय संबंधी निरतंरता भत्ता) का 12,24 और 36 वर्ष की सेवा पूरी करने पर तर्कसंगत निर्धारण, वरिष्ट नागरिकों बंचिंग के लिए वेटेज वृद्धि, समयबृद्ध वित्तिय उन्नयन सहित कमलेश चन्द्र समिति की सिफारिशे जिसमें समूह बीमा कवरेज 05 लाख रुपए तक बढ़ाने, विभागीय कर्मचारियों के साथ समानता में जीडीएस ग्रेच्युटी में वृद्धि करने, 180 दिनों की संवैतनिक छुट्टी को आगे बढ़ाना आर उसका नगरीकरण करना शामिल है का तत्काल कार्यान्वयन करने की मांग शामिल है. ग्रामीण डाक कर्मचारियों ने सभी प्रोत्याहन योजनाओं/प्रणालियों को समाप्त कर जीडीएस द्वारा लिए गए सभी कार्यों जैसे आईपीपीबी, पीएलआई, बचत योजनाओं और एमजीएनआरईजीएस को उनके कार्यभार मूल्यांकन में शामिल करने, जहां भी लागू हो एसडीबीएस (सेवा निर्वहन लाभ भत्ता) में जीडीएस और विभाग के योगदान को 03 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत करने और सभी सेवानिवृत्त जीडीएस को पेंशन प्रदान करने की मांग शामिल है।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य सेवाओं के परिचालन की तत्परता सुनिश्चित किये जाने हेतु मॉकड्रिल का आयोजन

सिवनी 15 दिसम्बार। मुख्य चिकित्साा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने बताया कि विश्व् स्वास्थ्य संगठन ने मई 2023 में कोविड-19 महामारी को आपातकालीन अंतर्राष्ट्रीय लोक स्वास्थ्य चिंता की स्थिति से वापस ले लिया है, किंतु भविष्य 2 में किसी भी लोक स्वास्थ्य आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारी बनाए रखने एवं स्वास्थ्य सुविधा के बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की निगरानी और मॉनिटरिंग किए जाने हेतु राज्यि शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टगर क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य सुविधाओं की परिचालन तत्पेरता सुनिश्चित करने के उद्धेश्य से 15 स्वास्थ्य 2023 को जिला चिकित्सालय सिवनी एवं विकासखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य संस्थाओं में अखिल भारतीय ड्रिल का आयोजन किया गया।

# आपसी रंजिश में पिस्टल से फायरिंग मामले में एक गिरफ्तार, अन्य फरार

**थाना कोतवाली क्षेत्र में गुंडा बदमाशो द्वारा की जा रही घटना को संज्ञान में लेते हुये पुलिस अधीक्षक राके कुमार सिह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुदत्त शर्मा के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी पुरुषोत्तम मरावी मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली व्दारा उक्त घटना के संबंध में पतासाजी एवं आरोपियों को धरपकड के लि आदेशित किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

घटना 13 दिसम्बर को लगभग 03:00 बजे थाने पर सूचना प्राप्त हुई की केवटी मोहल्ले में गुं बदमाशो द्वारा आपस में झगडते हुये एक पक्ष के द्वारा दूसरे पक्ष पर फायरिंग की गई एवं हाथापाई की



सूच पर तत्काल हमराह स्टाफ के पहुंचकर घटना के संबंध में तस्दीक कर पतासाजी किये जो पता चला कि अजीत उपाध्याय, कमल बेन, निक्कू उर्फ निखिल राजपूत, रिप्पु उर्फ रिपुसूदन कतिया के द्वारा केवटी मोहल्ले आपसी रंजिश के कारण दानिश खान एवं विलाल खान के ऊपर फायरिंग किये है एवं हाथापाई हुई है। जो घट स्थल पर बारिकी से तलासी लेने पर दो कारतूस के खाली खोखे मिले जिन्हे जप्त किया गया। थाना कोतवाली अप.क्र. 1082/23 धारा 294,323,307,506,34 ताहि. कायम कर वरिष्ठ अधिकारियो को घटना से अवगत कराक फरार आरोपियो के संबंध में टीम बनाकर रवाना की गई जो टीम के द्वारा आरोपियो की तलास के लिये अलन अलग ठिकानो पर दबिश दी गई दिनांक 14/12/23 को घटना के आरोपी कमल बेन का सकूनत पर होने प चलने पर पुलिस टीम व्दारा आरोपी कमल बेन के घर पर दबिश देकर आरोपी को पकड़कर पूछताछ करने आरोपी से एक पिस्टल जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया अन्य आरोपियो की सघनता से तलाश जारी। वही गिरफ्तार आरोपी कमल बेन पिता संतोष बेन उम्र 38 साल निवासी अम्बेडकर वार्ड सिवनी । एवं जप्ती सशरूका मे एक पिस्टल ,कारतूस के दो खाली खोखे ।

**फरार आरोपी**

फरार आरोपी मे अजीत उपाध्याय पिता अनिल उपाध्याय उम्र 29 साल निवासी राजपूत कालोनी सिवनी, रिप्पु उर्फ रिपुसुदन पिता सदारीलाल नगेश निवासी देवरीकला थाना छपारा ,निखिल उर्फ कृष्णकुमार पि चितरंजन कौशिक उम्र 25 साल निवासी मानेगांव सिवनी । उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि सम्पत मरावी, सउनि जयदीप सेंगर, प्र.आर. सुदंर श्य तिवारी, आर नीतेश राजपूत, आर. अमित रघुवंशी, आर शिवम बघेल, आर. विशाल भांगरे, ब्रजेश धुर्वे, महेन्द्र पटे मनोज हरिनखेडे, इरफान खान शामिल रहे।

# 10वीं स्कूल स्टेट एज्युकेशन डिपार्टमेन्ट स्पोर्टस संभागीय प्रतियोगिता का आयोजन

**सिवनी।** स्कूल षिक्षा विभाग अंतर्गत 10वीं स्कूल स्टेट एज्युकेषन डिपार्टमेन्ट स्पोट्र्स संभागीय प्रतियोगिता 2023 का आयोजन दिनांक 11.12.2023 से 21.12.2023 तक आयोजित है। जिला षिक्षा अधिकारी श्री एस.एस.कुमरे के मार्गदर्षन में इस प्रतियोगिता में षिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित होगें। इसी तारतम्य में दिनांक 11.12.2023 को बैडमिंटन प्रतियोगिता छिन्दवाड़ा जिले में आयोजित हुई। जिसमें महिला वर्ग से सुश्री भावना गायकवाड़ पीटीआई म.ल.बा.कन्या शास.उ.मा.वि.सिवनी, श्रीमती राबिया शेण्डे मा.षि. शास.उ.मा.वि.सेरखा, श्रीमती प्रीति ठाकुर मा.षि. शास.क.उ.मा.वि.केवलारी एवं पुरूष वर्ग से श्री ओमप्रकाष अग्रवाल मा.षि. शास.उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी, श्री राम ठाकुर उ.मा.षि. शास.उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी एवं दिनांक 12.12.2023 कबड्डी तथा बालीवॉल प्रतियोगिता जबलपुर जिले में आयोजित हुई। जिसमें महिला वर्ग में जिले से श्रीमती जस्सी थॉमस जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय जिला षिक्षा अधिकारी सिवनी, श्रीमती वॉबी बघेल उमाषि शास.सी.एम.राईज केवलारी, श्रीमती विनीता बघेल उ.मा.षि. शास.सी.एम.राईज केवलारी, श्रीमती सुनीता बोपचे प्राथ.षिक्षक शास.महात्मा गांधी हाईस्कूल सिवनी, श्रीमती मीनाक्षी मेश्राम पीटीआई शास.उ.मा.वि.बोरीकलां, श्रीमती सीमा चैरसिया प्राथ.षिक्षक शास.उ.मा.वि.कातलबोड़ी एवं श्रीमती ममता उइके मा.षि. शास.उ.मा.वि.विजयपानी ने प्रतियोगिता में सम्मिलित होकर जिले का नाम गौरान्वित किया। दिनांक 18.12.2023 को क्रिकेट प्रतियोगिता पुरूष वर्ग नरसिंहपुर जिले में आयोजित है। साथ ही सिवनी में दिनांक 21.12.2023 को पुलिस स्टेडियम सिवनी में संभाग स्तरीय एथलेटिक्स, टेबिल टेनिस महिला/पुरूष वर्ग एवं कबड्डी, बालीवॉल पुरूष वर्ग प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसमें जबलपुर संभाग के सभी जिलों के षिक्षा विभाग के अधिकारी/कर्मचारी सम्मिलित होकर अपने जिले का प्रतिनिधित्व करेगें।

# 16 दिन उज्जैन से होकर चलेगी पेंचवैली एक्सप्रेस

**रेल मंडलों में कार्य के चलते आए दिन ट्रेनें या तो निरस्त हो रही हैं या फिर उनका रूट डायवर्ट किया जा रहा है। पेंचवैली एक्सप्रेस 14 से 29 दिसंबर तक वाया उज्जैन से होकर चलाई जाएगी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

दरअसल इंदौर-उज्जैन दोहरीकरण के काम के चलते रेलवे द्वारा 14 दिसंबर से 30 दिसंबर तक मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। इंदौर-बरलई के बीच दोहरीकरण का काम और इंस्पेक्शन आदि के काम होना है। इस वजह से इंदौर की करीब 4 ट्रेनें निरस्त, 4 ट्रेन शॉर्ट टर्मिनेट होगी। 12 ट्रेनें वाया उज्जैन-फतेहाबाद चंद्रावतीगंज-लक्ष्मीबाई नगर



इंदौर-बरलई रेलमार्ग पर कार्यों के चलते रूट रहेगा डायवर्ट

चलेगी। रेलवे द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार 14 से 29 दिसंबर तक छिंदवाड़ा-इंदौर (19344) एक्सप्रेस एवं 15 से 30 दिसंबर तक इंदौर-सिवनी(19343) एक्सप्रेस का परिचालन वाया उज्जैन-फतेहाबाद चंद्रावतीगंज-लक्ष्मीबाई नगर से किया जाएगा। हालांकि पेंचवैली एक्सप्रेस का रूट डायवर्जन किस स्टेशन से होगा यह रेलवे द्वारा जारी किए गए आदेश में स्पष्ट नहीं है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भोपाल रेल मंडल में कार्यों के चेलते छिंदवाड़ा से इंदौर पेंचवैली एक्सप्रेस(19344) की 28 नवंबर से 11 दिसंबर तक निरस्त थी। 13 दिन यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अब एक बार फिर रूट डायवर्जन की वजह से यात्रियों को दिक्कत होगी। पेंचवैली एक्सप्रेस का परिचालन छिंदवाड़ा से इटारसी, भोपाल, मकसी, देवास होते हुए इंदौर तक प्रतिदिन होता है। इसी रूट से ट्रेन आती है और जाती है। ऐसे में उज्जैन में महाकाल के दर्शन करने जाने वालों को या तो मकसी या फिर देवास में उतरकर बस या अन्य वाहन से उज्जैन जाना पड़ता है। 16 दिन रूट डायवर्ट होने की वजह से छिंदवाड़ावासियों को सीधे उज्जैन तक ट्रेन सुविधा मिल सकेगी।

**पातालकोट एक्सप्रेस का भी रूट डायवर्ट**

मथुरा और पलवल रेलवे मार्ग पर कार्यों के चलते पातालकोट एक्सप्रेस भी आगामी दिनों में परिवर्तित मार्ग से चलेगी। जानकारी के अनुसार सिवनी-फिरोजपुर पातालकोट (14623) एक्सप्रेस 28 दिसंबर से 1 जनवरी तक छिंदवाड़ा से आगरा, मथुरा पहुंचने के बाद गाजियाबाद होते हुए नई दिल्ली पहुंचेगी और पूर्व निर्धारित रूटों से होकर गुजरेगी। वहीं (14624) फिरोजपुर-सिवनी पातालकोट एक्सप्रेस 29 दिसंबर से 2 जनवरी तक इसी रूट से होकर गुजरेगी।

**जनवरी से पातालकोट एक्सप्रेस निरस्त ट्रेन**

आगरा रेल मंडल में कार्य के चलते सिवनी-फिरोजपुर(14623) पातालकोट एक्सप्रेस 11 जनवरी से 5 फरवरी तक एवं फिरोजपुर-सिवनी(14624) पातालकोट एक्सप्रेस 12 जनवरी से 6 फरवरी तक निरस्त रहेगी। ऐसे में यात्रियों को फिर से परेशानी का सामना करना पड़ेगा। हालांकि पेंचवैली एक्सप्रेस की सुविधा होने से यात्रियों को थोड़ी सहूलियत रहेगी।



# ध्वनि विस्तारक प्रदूषण की जांच के लिए सभी जिले में उड़नदस्ते गठित होंगे, शांति समिति की बैठक में दिए गए दिशा निर्देश

**केवलारी** - शासन के निर्णय के अनुसार किसी भी प्रकार के धार्मिक स्थलों आयोजनों में निर्धारित माप दडों के अनुरूप ध्वनि विस्तारक यंत्रों लाउडस्पीकर डीजे आदि का उपयोग एवं मांस मछली की दुकानों का संचालन शासन के दिशा अनुरूप किये जाने को लेकर दिनांक 15 /12/ 2023 को पुलिस थाना परिसर में श्री संदीप श्रीवास्तव एसडीएम, श्री आशीष भराडे एसडीओपी, संदीप चौधरी तहसीलदार, किशोर बामनकर थाना प्रभारी ने जनप्रतिनिधीयो, गण मान्य नागरिको ,पत्रकारों एवं मंदिर, मस्जिद कमेटियों के पदाधिकारी की उपास्थिति में बैठक आयोजित का स्पष्ट किया कि धार्मिक स्थलों आयोजनों में मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम ध्वनि प्रदूषण विनिमयन स्थलों आयोजनों में मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 2000 के प्रावधानों के तहत निर्धारित मापदंडों के अनुसार ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किया जाएगा जिसकी निगरानी के लिए शासन जिले मे उड़न दस्ता का गठन होगा। इस मौके पर शिवचौधरी उपाध्यक्ष नगर परिषद, प्रमोद मोदी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, देवी सिंह बघेल जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा,प्रशांत मोनू तिवारी पार्षद, सफीक बबलू खान सदर रहमानी मस्जिद कमेटी, धीरेंद्र पुसाम लेखपाल नगर परिषद, शिवा मेहरा सब इंजीनियर नगर परिषद, अरुण चौरसिया पूर्व अध्यक्ष जल उपभोक्ता संस्था, रमाशंकर महोबिया, सुधीर पांडेय, राजू मेहरा, अशोक वंदेवार, रफीक खान पत्रकार,पवन यादव पूर्व जनपद सदस्य,सहित समूचे क्षेत्र के धार्मिक स्थलों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि नागरिक उपस्थित थे।

# विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम में समस्याओं का निराकरण हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सिवनी के अन्तर्गत आज उपभोक्ता फोरम जबलपुर का वृत्त स्तरीय आयोजन किय गया। इस अवसर पर जबलपुर फोरम के अध्यक्ष श्री सी0पी0 सिंह एवं विधि सदस्य श्री विजेन्द्र उपाध्याय एवं अनुभाग अधिकारी श्री राव तथा राजकुमार नायक का आगमन हुआ। इस अवसर सिवनी जिले के विद्युत उपभोक्ताओं की कुल 115 समस्यायें प्राप्त हुई जिनका निराकरण त्वरित किया गया। समस्याओं के निराकरण हेतु जिले के अधीक्षण अभियंता श्री पी0के0 अग्रवाल कार्यपालन यंत्री श्री सुभाष राय, सहायक अभियंता श्री वरूण सारस्वत उपस्थित रहकर समस्याओं को निराकृत कराने का योगदान दिया।

जिन समस्याओं का निराकरण उच्चस्तरीय स्तर पर किये जाने हेतु उन्हें फोरम द्वारा पंजीकृत किया गया जिसका निराकरण निर्धारित समय अवधि पर किये जाने हेतु आश्वस्व कर आदेश पारित किये जावेगें।

शिविर के दौरान मुख्यतः बिल सुधार की समस्यायें, एवं मीटर बदलने, उपभोक्ताओं के द्वारा बताई गयी जिनका निराकरण तत्काल किया गया। यहॉ पर पूरे जिले केवलारी, बिछुआ आदि से भी उपभोक्ता पधारे एवं उन्होने अपनी बिजली लाइन, बिजली बिल, ट्रांसफार्मर सम्बन्धी समस्याओं का वर्णन किया गया। जिनकी पूरी जॉच पड़ताल के पश्चात, सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुआ उनका समुचित निराकरण किया गया। शिविर के अवसर पर उपभोक्ता के संरक्षण के लिये कार्य करने वाली अखिल भारतीय उपभोक्ता कांग्रेस के जिलाध्यक्ष श्री डी0बी0 नायर उपस्थित होकर समस्याओं को रखा एवं समस्याओं का समाधान से संतुष्ट होकर फोरम एवं विद्युत कम्पनीयों के अधिकारी कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

# सांसद बिसेन ने ट्रेनों के स्टॉपेज के लिए रेल मंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ केवलारी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत नैनपुर जंक्शन से गुजरने वाली महत्वपूर्ण ट्रेनों का महत्वपूर्ण स्टेशनों में स्टॉपेज के लिए सांसद ने अश्वनी वैष्णव रेल मंत्री भारत सरकार से भेंट कर पत्र के माध्यम से ट्रेनों के स्टॉपेज, मार्गों के दोहरीकरण को लेकर की मांग की है। सिवनी बालाघाट संसदीय क्षेत्र के संवेदनशील सांसद डॉ लाल सिंह बिसेन ने बुधवार को माननीय अश्वनी वैष्णव रेल मंत्री भारत सरकार नई दिल्ली से भेटकर एवं पत्रों के माध्यम से ट्रेन संख्या 11753 /11754 रीवा, इतवारी वाया सिवनी/छिंदवाड़ा ,ट्रेन संख्या 11755 /11756 रीवा इतवारी वाया बालाघाट गोंदिया एवं ट्रेन संख्या 11201 /11202 शहडोल नागपुर वाया सिवनी छिंदवाडा का ठहराव केवलारी ,घंसौर एवं लामटा रेलवे



स्टेशन में होने के लिए पत्र लिखकर मांग किया है । सिवनी जिले का केवलारी रेलवे स्टेशन सबसे महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है विधानसभा 116 का मुख्यालय के साथ तहसील,राजस्व अनुभाग डिविजन के साथ 182 ग्रामों का विशालतम क्षेत्र है। रैकपॉइंट होने के कारण केवलारी रेलवे को प्रतिमाह करोड़ो का राजस्व अर्जित होता है।केवलारी रेल्वे स्टेशन में गाड़ी संख्या 11201/ 11202 शहडोल नागपुर एवं गाड़ी संख्या 11753 /11754 का स्टॉपेज किये जाने की मांग की है।इसी तरह नैनपुर जबलपुर मार्ग पर स्थित घंसौर रेलवे स्टेशन जिले का महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन के साथ तहसील मुख्यालय है जो की समूचा आदिवासी अंचल के सैकड़ो गांव का प्रतिनिधित्व करता है। इसी तरह नैनपुर से बालाघाट मार्ग में स्थित लामटा रेलवे स्टेशन उप तहसील मुख्यालय भी है ट्रेनों के स्टॉपेज के साथ डॉ. डाल सिंह बिसेन सांसद ने अपने पत्र के मांग 1009 /23 दिनांक 13 /12 /2023 में जबलपुर ,नैनपुर बालाघाट, गोंदिया रेल मार्ग का दोहरी कारण की मांग की है।पत्र क्रमांक 1005/23 दिनांक 13/ 12/ 2023 में नैनपुर सिवनी ,छिंदवाड़ा अमला रेलखंड का दोहरीकरण किये जाने सहित पत्र क्रमांक 1006 /2023 में नैनपुर जंक्शन को विकसित करने की मांग की है इसमें स्पष्ट किया हुआ है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन बिलासपुर के नागपुर मंडल के अंतर्गत नैनपुर मंडल का सबसे बड़ा केंद्र बिंदु होने के कारण यहां से चारों दिशाओं की ओर रेल्वे के माध्यम से अवागमन होता है और मंडला, जबलपुर, बालाघाट, सिवनी जिला को जोड़ता है। नैनपुर जंक्शन नैरोगेज रेल लाइन का सबसे बड़ा रेलवे जंक्शन होने के साथ लोकोशेड , रेल उच्च अधिकारियों का निवास ग्रह रेलवे विश्राम गृह ,रेलवे हॉस्पिटल ,रेलवे मिश्रित विद्यालय का संचालन पूर्व से संचालित है ।यहां लगभग 550 एकड़ रेल्वे की भूमि उपलब्ध है इस उपलब्धता को देखते हुए नैनपुर जंक्शन को विकसित करना क्षेत्र के लिए अति आवश्यक है डॉक्टर डालसिंह बिसेन के द्वारा उठाए गए इन महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर के सिवनी मंडला ,बालाघाट जिले के समाजिक कार्यकर्ताओं पत्रकारो ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए संवेदनशील सांसद डाल सिंह विसेन से ऐसे ही रेलवे के विकास की अपेक्षा व्यक्त की है।

# सड़क किनारे लग रही दुकानों से सुंदरता खत्म हो रही है लेकिन 6 माह से बन रही पुलिया चार चांद लगा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

विगत कुछ दिन पहले सिवनी नगर पालिका के पदस्थ अधिकारी के द्वारा निर्देश जारी किया गया कि यदि उक्त अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो संबंधित कर्मचारी अधिकारी पर कार्यवाही की जाएगी जिसके चलते अतिक्रमण हटाया गया लेकिन वह अतिक्रमण सिर्फ गरीबों का हटाया गया जो कि अपने जीवन पेट पालन के लिए दुकान लगाते हैं एवं दुकान चलाते हैंशहर मे दर्जनों दुकान है गलियां है जहां पर अवैध रूप से अतिक्रमण होता है लेकिन इसे हम क्या कहेंगे क्या शिवानी नगर पालिका अधिकारी उनके नीचे दबा हुआ है जो कि अतिक्रमण करके बैठे हैं या फिर किसी दबाव में आकर यह अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा है बहरहाल अभी तो इतना है कि गरीबों का आशियाना हटा पेट पालन के लिए जो दुकान लगाया करते थे उनकी दुकानें हटाई गई सिवनी नगर पालिका परिषद में पदस्थ सी एम ओ श्री कर्वेती ने सिवनी नगर में नगर पालिका की जमीन पर हुए अतिक्रमण को यह तर्क देते हुए हटाने की कारवाही प्रारंभ करवा दिया की जगह जगह हुई अतिक्रमण के कारण नगर की सुंदरता खराब हो रही है। सिवनी के सी एम ओ के निर्देश के बाद अतिक्रमण हटाने की कारवाही प्रारंभ भी हो गई। अतिक्रमण हटाए जाने से सबसे अधिक प्रभावित उन गरीब परिवार के लोग हो रहे है जिनके घर की आजीविका उसी जगह से चलती है जहां से अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण हटाए जाने के बाद अब कई लोग बेरोजगार हो गए और उनके सामने रोजी-रोटी की समस्या पैदा हो गई क्योंकि सिवनी में रोजगार के कोई साधन नहीं है ऐसे में कई लोग सड़क किनारे दुकान लगाकर अपना परिवार पालते हैं। अब उन परिवार के ऊपर नगर पालिका परिषद का चाबुक चलने लगा है जिसके कारण अब ऐसे परिवार के लोग मायूस हो गए हैं जिनके परिवार सड़क किनारे लगने वाली दुकानों से चलता था। वैसे प्रश्न यह है की सिवनी नगर पालिका के सी एम ओ को सड़क किनारे दुकान लगाने वालो के कारण नगर की सुंदरता खत्म होते तो दिखाई दे रही है लेकिन बीच बस स्टैंड में पिछले 06 महीनो से पुलिया निर्माण के कारण सौंदर्यता खत्म हो रही है यह नजर नहीं आ रहा। लगभग 06 महीने से आर ई एस विभाग के द्वारा पुलिया निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसके कारण बस स्टैंड का आवागमन प्रभावित हो रहा है। जिस जगह काम चल रहा है वहां जगह जगह मटेरियल पड़ा हुआ है जिसके कारण सुंदरता खत्म हो रही है। सी एम ओ ने कभी आर ई एस के अधिकारियों से यह पूछने की जहमत नहीं उठाया की आखिर कब तक पुलिया का निर्माण होगा। सी एम ओ को सिर्फ गरीबों का अतिक्रमण ही दिखाई दे रहा है ।

# दस में से महज एक बाइक चालक सुरक्षित लेकिन जिले में हेलमेट अभियान बेअसर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिलेभर में आए दिन सडक़ हादसे हो रहे हैं। बाइक या फिर कार में सवार लोग या तो घायल हो रहे हैं या फिर उनकी मौत हो रही है। इसके बावजूद भी कोई यातायात नियमों के पालन में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। बिना हेलमेट पहने चालक बाइक चला रहे हैं। वहीं कार चालक सीट बेल्ट नहीं लगा रहे हैं। सडक़ों पर स्पीड का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ यातायात पुलिस की कार्यवाही भी प्रभावी नहीं दिख रही है। जबकि उच्च न्यायालय ने नवंबर माह में सख्त निर्देश जारी करते हुए पुलिस को यातायात नियमों का पालन कराने एवं ऐसा न करने वालों पर चालानी कार्यवाही करने को कहा था। हैरानी की बात यह है कि न्यायालय के निर्देश के बाद यातायात पुलिस सडक़ पर उतरकर चालान भी काट रही है, लेकिन लोगों में जागरुकता नहीं दिख रही।

आलम यह है कि दस में से महज एक सख्स नियम का पालन करते हुए दिख रहा है। शासकीय



कर्मचारी ही नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। ऐसे में आम लोगों को प्रेरणा भी नहीं मिल रही है। उल्लेखनीय है कि जिले समेत प्रदेश में बढ़ रही सडक़ दुर्घटनाओं और यातायात नियमों की अवहेलना पर न्यायालय ने सख्ती दिखाते हुए पुलिस को इस संबंध में चेकिंग अभियान के निर्देश दिए हैं। 20 नवंबर 2023 से 10 जनवरी 2024 तक अभियान चलना है। अभियान के पहले दिन ही यातायात पुलिस एक्शन मोड में आई और 50 चालान काटे। 50 दिनों के विशेष चेकिंग अभियान 23 दिन बीत चुके हैं। पुलिस लापरवाह लोगों के ऊपर कार्रवाई तो कर रही है, लेकिन नियमों के पालन को लेकर लोगों को जागरूक नहीं कर पा रही ।

**यह भी हैं निर्देश**

न्यायालय ने निर्देश दिए थे कि यातायात पुलिस स्कूलों में जाकर बच्चों एवं शिक्षकों को, शासकीय कर्मचारियों को जागरूक करेगी। इसके अलावा पेट्रोल पंप पर बैनर के माध्यम से जागरूक करेगी। हालांकि इन बिन्दुओं पर अब तक कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया है।

**पुलिस कर सकती है 2000 जुर्माना**

बिना हेलमेट पहने या सही से हेलमेट नहीं पहनने पर करीब 2 हजार रुपए तक का चालान बनाया जा सकता है। वहीं बिना सीट बेल्ट लगाए पकड़े जाने पर भी करीब 1000 या इससे ऊपर का चालान कट सकता है। इतना ही नहीं इसके साथ वाहन की जप्ती, लाइसेंस कैंसिल और 3 महीने की सजा भी हो सकती है।

# शान्ति वहां नहीं जहां धन मिले अपितु वहां मिले जहां मन से मन मिले : मुनि प्रणीतसागर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी। गुरूवार प्रातः सूर्योदय के पूर्व ही बरघाट की ओर से लगभग 12 किलोमीटर का लंबा पद बिहार कर प्रातः 8.30 बजे पूज्य आचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज के सुशिष्य पूज्य मुनि श्री प्रणीतसागर, मुनि श्री निर्मोहसागर जी महाराज का भव्य नगरआगमन हुआ।**

नगर प्रवेश के दौरान घरों घर पूज्य मुनि श्री संघ की मंगल आरती एवं चरण प्रक्षाल कर भव्य आगवानी की गई। नगर में विराजित पूज्य आर्यिका श्री चर्या श्री माताजी ससंघ ने गणेश चौक पहुंचकर पूज्य मुनि श्री की मंगल आगवानी की।

बड़े जैन मंदिर जी पहुंचकर देव वंदना के पश्चात आयोजित धर्म सभा में गोंदिया से पधारे अतिथियों ने दीप प्रज्वलन,शास्त्र भेंट कर पूज्य श्री संघ के चरण प्रक्षालन किए। इस दौरान आगामी शीत कालीन वाचना हेतु सिवनी समाज द्वारा पूज्य मुनि एवं आर्यिका संघ को श्री फल अर्पित किया गया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए पूज्य आर्यिका चर्या श्री माताजी ने कहा कि रत्नत्रय के धारी चैतन्य तीर्थ स्वरूप मुनिराजो के दर्शन निश्चित रूप से सौभाग्य से ही प्राप्त होते है। सिवनी प्रवास में समाज के साथ हमारा भी सौभाग्य है कि मुनि युगल के दर्शन हमे प्राप्त हुए।

इस अवसर पर पूज्य मुनि श्री प्रणीतसागर महाराज ने कहा कि आज का व्यक्ति धन में शांति खोजता है किंतु शांति धन में नहीं अपितु शांति वहां है जहां मन से मन प्रसन्नता से मिले। आज संत समागम हुआ आचार्य विशुद्धसागर जी एवं आचार्य विभवसागर जी दो महान गुरुओं के शिष्यों का मिलन हुआ सर्वत्र हर्ष एवं खुशी का वातावरण निर्मित हुआ।सभी के मन प्रसन्नता से भरे हुए हैं।सारे समाज के लिए यह एक सकारात्मक संदेश है। विषय को बढ़ाते हुए मुनि श्री ने कहा कि जब एक धर्मात्मा मंदिर जाता है।प्रभु दर्शन करता है।दर्शन करने के बाद उसे जो आत्मशांति मिलती है वापसी में उस आत्मशांति को वह अपने घर तक क्यों नही ले जा पाता? एक ज्वलंतशील प्रश्न मुनि श्री द्वारा सभा में रखा गया कि आखिर ऐसा कौनसा गतिरोधक उस आत्मशांति के मार्ग में बाधक बन जाता है कि वह आत्मशांति जिसे लिए हम मंदिर से प्रस्थित हुए वह कही खो गई। कारण को स्पष्ट कर स्वयं मुनिराज ने निराकरण दिया कि मन में जो सांसारिक संकल्प एवं विकल्पों की लगार लगी हुई है वही लगार आपकी आत्म शांति के लिए आपके जीवन में सबसे बड़ा भार एवं अवरोधक है । अतएव एक धर्मात्मा को मात्र धर्म अनुष्ठान ही नहीं करना चाहिये अपितु उस आत्मशांति के शुभ भावो को कैसे घर ले जाए इसका पुरूषार्थ भी करना चाहिए। कहां जाना था कहां चले गए। ना जानें तुम किस किस से छले गए । यदि आत्म शांति की प्राप्ति चाहिए तो जो नियमित आत्मशांति की साधना में लीन है उन साधकों की नियमित संगति जीवन की समृद्धि के लिए बहुत अनिवार्य है।

सभा समापन पर गोंदिया से बारासिवनी,बरघाट तक मुनि श्री संघ का पद बिहार प्रबंधन करने वाले श्रावको का समाज द्वारा सामाजिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष मिलन बाझल,प्रभात सेठ, संजय नायक, मनोज बाझल, आनंद जैन, प्रभात वीडी, विपनेश जैन,सुरेंद्र गोयल, जिनेश बागड़,पारस जैन, संदीप बाझल, राहुल चौधरी, संभव, उमंग, उत्सव, यश, विजित,समन्वय, सुमित, सिद्धार्थ, प्रियांश आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन पारस जैन ने किया।

हरिभूमि
सतपुड़ा भूमि
10
जबलपुर, शनिवार 16 दिसंबर 2023
login : www.haribhoomi.com
तिरोड़ी | बोनकटा | कंटगी | बैहर | वारासिवनी | हटा

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 20 को

**बालाघाट।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 20 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे निर्धारित की गई है। बैठक के संबंध में जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा ने पत्र जारी करते हुये बताया कि बैठक में पिछली बैठकों के प्रस्ताव पर की गई कार्यवाही की समीक्षा के अलावा आजीविका मिशन, पंचायत प्रकोष्ठ, मनरेगा, पीएम आवास, स्वच्छ भारत मिशन, एमडीएम शिक्षा अंतर्गत कार्यो की समीक्षा की जायेगी। इसके अलावा अध्यक्ष की अनूमति अन्य विषय पर चर्चा होगी।

### तहसीलदार ने पकड़ा रेत से भरा ट्रेक्टर



**कटंगी।** बालाघाट कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने एक सप्ताह पहले ही रेत के अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है जिसके बाद प्रशासन अलर्ट होकर कार्रवाईयों को अंजाम देने की कोशिश कर रहा है. कटंगी तहसीलदार छवि पंत ने गुरूवार को नगर के बस स्टेण्ड से एक ट्रेक्टर को रेत का परिवहन करते हुए जब्त किया था और तत्काल ट्रेक्टर और ट्राली को थाना परिसर में खड़ा कर पुलिस अभिरक्षा में दिया था लेकिन बाद में इस ट्रेक्टर को छोड़ दिया गया. शुक्रवार को जब इस संबंध में तहसीलदार छवि पंत से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि मौके पर जब ट्रैक्टर को पकड़ा गया तो इसमें रेत के परिवहन से जुड़े दस्तावेज नहीं थे लेकिन बाद में ट्रेक्टर मालिक ने रायल्टी उपलब्ध करवा दी जिसके चलते ट्रेक्टर को आवश्यक कागजी कार्रवाई कर छोड़ दिया गया।

### दिशा की बैठक 23 दिसम्बर को

**बालाघाट।** जिला विकास समन्वय एवं मुल्यांकन समिति की बैठक सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन के अध्यक्षता में 23 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे कलेक्टर सभा कक्ष में आयोजित होगी। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, वन विभाग, सांसद आदर्श ग्राम, जल संसाधन, जल जीवन मिशन, आदिम जाति कल्याण, स्वास्थ्य विभाग, खनिज कलयाण, सांसद विधायक के पत्रों तथा ग्राम सुदुर सड़को की समीक्षा की जाना प्रस्तावित है।

### सड़क हादसे में घायल युवक की हुई मौत



**कटंगी।** कटंगी-बोनकट्टा मुख्य सड़क मार्ग पर 13 दिसंबर की सुबह करीब सवा 10 बजे के आसपास यात्री बस की चपेट में आकर गंभीर रुप से घायल चिकमारा निवासी युवक नीरज वासनिक की उपचार के दौरान 14 दिसंबर की देर शाम गोंदिया के एक प्राईवेट अस्पताल में मौत हो गई है. गोंदिया के अस्पताल में ही शव का पीएम किया गया. जिसके बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए कटंगी चिकमारा लाया गया और परिजनों और नाते-रिश्तेदारों की उपस्थिति में अंतिम संस्कार हुआ. युवक का कुछ साल पहले ही विवाह हुआ था और उसकी करीब 03 साल की मासुम बच्ची है. बता दें कि 13 दिसंबर की सुबह करीब 10 बजे नीरज वासनिक अपने खजरी निवासी मित्र खिलेन्द्र तुरकर के साथ स्कूटी वाहन से कटंगी की तरफ आ रहे थे. वहीं इसी दिशा में आ रही यात्री बस के अचानक ब्रेक लगा देने की वजह से स्कूटी वाहन पीछे से जा घुसी थी. जिससे 32 वर्षीय नीरज वासनिक गंभीर रुप से घायल हो गया था और अब उसकी मौत हो चुकी है. पुलिस ने बस चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

## स्लॉट बुकिंग से किसानों को सुविधा हुई, उपार्जन समितियों की धान खरीदी व्यवस्थाओं का जायजा लिया

# किसानों का सत्यापन और बारदानों की वितरण प्रक्रिया सुधार योग्य : कलेक्टर

## हट्टा खरीदी केंद्र प्रभारी को हटाने के निर्देश और प्रबंधक को होगा नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा शुक्रवार को उपार्जन समितियों द्वारा धान खरीदी की व्यवस्थाओं का जायजा लेने लिंगा, हट्टा, सिवनी कला और रजेगांव के खरीदी केंद्रों पर पहुँचे। निरीक्षण में उन्होंने किसानों के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं के अलावा उपार्जन के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर फोकस किया। लिंगा सहित अन्य खरीदी केंद्रों पर किसान मेहतर भावे व अन्य किसानों से धान खरीदी के सम्बंध में आवश्यक प्रतिक्रिया भी ली। उपार्जन प्रकिया में शामिल केंद्र प्रभारी, प्रबंधक, नोडल अधिकारी तथा सर्वेयरों द्वारा संधारित किये जाने वाली पंजियो का अवलोकन करते हुए बारदानों और किसानों का मिलान भी किया। आवश्यक व्यवस्थाओं तथा प्रक्रिया के निरीक्षण के दौरान सहकारिता विभाग के सीईओ श्री आरसी पटले और कृषि विभाग के उपसंचालक श्री राजेश कुमार खोबरागड़े भी मौजूद रहे। निरीक्षण की शुरुआत लिंगा के खरीदी केंद्र से की इसके बाद हट्टा, सिवनी कला और फिर रजेगांव पहुँचे। हट्टा केंद्र पर किसानों द्वारा धान विक्रय क्षमता के साथ पंजीयन कराया गया। मगर केंद्र द्वारा बारदानों के वितरण प्रक्रिया में खामी देखी गई।कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने केंद्र प्रभारी सुंदरलाल लिल्हारे को खरीदी प्रक्रिया से हटाने और प्रबंधक ओपी मांडले को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सिवनी कला और रजेगांव खरीदी केंद्र पर रिकॉर्ड संधारण समुचित ढंग से पाए जाने पर सराहना भी की।



### धान उपार्जन और बारदानों का कराया सत्यापन

हट्टा खरीदी केंद्र पर निर्धारित क्षमता से अधिक बारदानों के वितरण पाए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सीईओ श्री आरसी पटले और कृषि उपसंचालक से सत्यापन भी कराया गया। सत्यापन में किसानों द्वारा धान तो बेंचा गया लेकिन उन्हें ज्यादा मात्रा में बारदाने देना पाया गया। किसानों ने बताया कि कुछ बारदाने खराब है इसलिए ज्यादा संख्या में प्राप्त किए गए। इसके अलावा जिन किसानों को बारदाने दिए गए उनसे विधिवत पावती नहीं लेना भी देखा। इसके वेरिफिकेशन के लिए सीईओ पटले कार्य करेंगे।

### खामियों को दूर करने के सभी को निर्देश

लिंगा और हट्टा केंद्र पर आंशिक खामी पाए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने तुरंत सभी केंद्रों पर इन व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश सभी केंद्रों के लिए जारी किए है। इसमें मुख्य रूप से पंजीयन क्षमता और रकबे के अनुसार बारदाने वितरित किये जायेंगे। साथ ही बारदानों वितरण का सत्यापन सहकारिता विभाग द्वारा किया जाएगा। सेम्पल पंजीयन, बारदानों के वितरण और किसानों की पंजी के संधारण में सुधार और 200 क्विंटल से अधिक पंजीयन कराने वाले किसानो का सत्यापन घर और खेत पर ही करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा किसानों के कोड़ के साथ स्टैकिंग, तोल कांटो के प्रमाण पत्र, मिलर्स मैपिंग के सम्बंध निर्देशित किया गया।

### सिवनी कला और रजेगांव के प्रबंधकों की सराहना

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सिवनी कला और रजेगांव के खरीदी केंद्रों पर सभी पंजी का समुचित रूप से संधारण आये जाने पर प्रबंधकों की सराहना की। उनके द्वारा उसी दिन धान बोरो की स्टैकिंग भी समय पर करना पाया गया। इसके साथ ही एफएक्यू की पंजी में किसान वार लाये गए धान के एफएक्यू की भी जानकारी रखी गई।

### 184 केंद्रों पर अब तक 3 लाख 22 हजार क्विंटल से अधिक धान खरीदा गया

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक सीईओ श्री आरसी पटले द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अब तक जिले में 7220 किसानों से 3 लाख 22 हजार 317.81 क्विंटल धान खरीदा गया है। जिले में कुल 184 खरीदी केंद्र स्थापित किये गए है। वही जिले में 117596 किसानों ने पंजीयन कराया है। जबकि 28692 किसानों ने स्लॉट बुकिंग कराया गया है। अब तक खरीदी के अनुसार 703619779. 23 रुपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

## किरनापुर गुजरी चौक में राजकुमार कर्राहे को मिठाई से तौला गया

# कार्यकर्ताओं के साथ किरनापुर पहुंचा भारतीय जनता पार्टी के निर्वाचित प्रत्याशी राजकुमार कर्राहे का विजय जुलूस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लांजी किरनापुर विधानसभा क्षेत्र 109 से भारतीय जनता पार्टी के विजयी प्रत्याशी राजकुमार कर्राहे ने कांग्रेस की प्रत्याशी सुश्री हिना कावरे को 2772 मतों से पराजित किया। राजकुमार कर्राहे ने कुल मत 101005 मत प्राप्त किया था। तो वहीं हिना कावरे ने 98232 मत प्राप्त किया। इस प्रकार 2772 मत से सुश्री हिना कावरे हार गई। कार्यकर्ताओं ने राजकुमार कर्राहे की जीत का विजयी जुलूस निकाला गया। यह विजयी जुलूस लांजी से होते हुए बोलेगांव ,भानेगांव, हिर्री किरनापुर पहुंचा। किरनापुर नगर भ्रमण कर विजयी जुलूस गुजरी चौक पहुंचा, जहां पर राजकुमार कर्राहे को कार्यकर्ताओं ने मिठाई से तौल दिया। कार्यकर्ताओं के इस स्नेह को राजकुमार कर्राहे ने अपनी जीत बताया। कार्यकर्ताओं के इस संघर्ष में उनके साथ तीन माह से लगातार डोर टू डोर यात्रा प्रारंभ कर चल रहे कार्यकर्ताओं की मेहनत हिम्मत और जनता की ताकत ने राजकुमार कर्राहे को विजयश्री दिलाया है। राजकुमार कर्राहे ने जनता को विश्वास दिलाया कि मैं हर समय उनके साथ खड़ा रहूंगा।



### 495 बैगा महिला मुखियाओं के खातें में राशि का भूगतान

**बालाघाट।** आहार अनुदान योजना अंतर्गत जिले में 597 बैंगा महिला मुखियाओं का आहार अनुदान योजना लाभ प्राप्त नहीं हो रहा था, जिस संबंध में परीक्षण करने पर पाया गया कि उक्त महिलाओं के द्वारा लाड़ली बहना योजना अतर्गत लाभ प्राप्त किये जाने हेतु पंजीयन कराया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त सूची अनुसार 495 महिलाओं को लड़ली बहना योजना से अपात्र किया गया है, जिसके उपरांत जनजातीय कार्य विभाग द्वारा वरिष्ठ कार्यालय को 495 महिला मुखियाओं की जानकारी का प्रेषण कर उन्हें लाभांवित कराये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जिसके उपरांत आहार अनुदान योजना अंतर्गत 495 महिला मुखियाओं को माह मई 2023 से दिसम्बर 2023 तक की राशि का भुगतान उनके बैंक खातों में किया गया है।

## खुले में मांसाहार सामाग्री विक्रय रोकने नपा चलाएगी अभियान

# नपाध्यक्ष ने ली नपा कर्मियों की बैठक, शहर में होगी मुनादी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रदेश के मुखिया यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रथम कैबिनेट बैठक के बाद खुले तथा सार्वजनिक स्थलों एवं धार्मिक स्थलों के पास मांस विक्रय को लेकर निर्देश जारी किये गये है, इसी के परिपालन में नगर पालिका परिषद बालाघाट भी बालाघाट शहर में अभियान चलायेगी।15 दिसंबर को नपा कार्यालय में नपाध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने प्रभारी सीएमओ दिशा डेहरिया की उपस्थिति में नपा कर्मियों की बैठक में सरकार दिवारा लिये गये निर्णय का परिपालन कराने भारत शासन की गाईडलाईन से अवगत कराया।



### शासन की गाईडलाईन का पालन जरूरी

बैठक में नपाध्यक्ष ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा खुले स्थान में अंडा, मांस, मटन को लेकर स्पष्ट निर्देश जारी किये है, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जारी निर्णय साहसिक और ऐतिहासिक है जिसका पालन बालाघाट नगरीय क्षेत्र में भी कड़ाई से कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि आम नागरिकों की हमेशा से यह मांग रही है कि शहर में खुले स्थानों पर मांस विक्रय तथा मांसाहारी हॉटलों के आसपास गंदगीयुक्त माहौल बनता है, सार्वजनिक स्थानों पर खुले में मांस विक्रय को लेकर भारत सरकार की गाईडलाईन है साथ ही धार्मिक स्थलों के आसपास भी मांस का व्यवसाय नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमें किसी के व्यवसाय से आपत्ति नहीं है अपितु रोजगार को सीमित दायरे में रखा जाये अथवा आमजनों को अनावश्यक कोई परेशानी ना हो इसका विशेष ध्यान विक्रेताओं को जरूर रखना होगा।

### व्यवसाय करने वालों को किया जायेगा चिन्हित

बैठक में नपाध्यक्ष ने बताया कि मांस विक्रय से जुड़ा पहलू यह है कि खुले में मांस विक्रय करने से आमजनों को परेशानी होती है साथ ही मुर्गी काटने वाले दुकानों की गंदगी तथा मांस को बाहर फेंक देते हैं या नालियों में बहा देते है, यह पदार्थ निकलता नहीं है और वातावरण को प्रदूषित करता है साथ ही कुत्तों का आतंक बढ़ जाता है और उनकी प्रवृत्ति आक्रामक हो जाती है इससे आमजनों की सुरक्षा पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा होता है। यही नहीं शहर में कई ऐसे नॉनवेज हॉटल संचालक है जो मांस युक्त पदार्थ का उचित निपटान नहीं कर पाते है। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में नगरपालिका परिषद बालाघाट राज्य शासन के इस निर्णय को अभियान के तौर पर चलाने जा रही है जिसे लेकर सफाई वाहनों सहित अन्य माध्यमों से मुनादी कराई जायेगी और समयावधी देकर ऐसे व्यवसाय करने वालों को चिन्हित कर हिदायत दी जायेगी। इसके उपरांत व्यवसाय करने वाला फिर भी भारत शासन की गाईडलाईन एवं मप्र शासन के आदेशों का उल्लंघन करें तो फिर कड़ी कार्यवाही की जा सकेगी। नपाध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का यह निर्णय ऐतिहासिक है इसका हम स्वागत करते है तथा नगरपालिका बालाघाट द्वारा इसका पालन कराया जायेगा।

## ठिठुराने लगी ठंड, सुबह-सुबह छा रही हल्की धुंध, गर्म कपड़ों की बढ़ी मांग

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** ठंड ने ठिठुरन बढ़ा दी है, सुबह-सुबह हल्की धुंध भी छाने लगी है। शुक्रवार को पूरे दिन ठंडी हवा चलती रही। सुबह 8 बजे के बाद धूप भी निकली। दिन में धूप में बैठने के बावजूद ठंडी हवाएं ठिठुरन का अहसास करवाती रही। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि, शनिवार से मौसम में बदलाव होगा। आंशिक बादल छाए रहने की संभावना रहेगी। ठंड से बचने की सलाह देते हुए डॉ. वर्षा सिंग का कहना है कि इस मौसम में स्वास्थ्य का ध्यान रखना जरूरी है। मौसमी फलों का सेवन अधिक करें। नियमित रूप से व्यायाम व योगासन जरूर करें। इसका शरीर पर अच्छा असर होता है। वहीं सर्दी बढने के साथ ही गर्म कपड़ों की बिक्री बढने लगी है। हालांकि, इस बार ठंड का अहसास देरी से हुआ है। नवंबर महीने के अंत मौसम में सर्दी कम ही थी। दिसंबर शुरू होने के साथ ही ठंड ने जोर पकड़ा है। साल के अंतिम महीने के प्रथम सप्ताह में ही ठिठुरन पैदा करने वाली सर्दी महसूस हुई है। बढ़ी ठंड के चलते गर्म कपड़े स्वेटर, जैकेट, मफलर की मांग बढ़ गई है। कपड़ा विक्रेता सचिन अग्रवाल, तनवीर भाई ने बताया कि पहले गर्म कपड़ों की डिमांड कम थी। अब ठंड बढने के साथ ही बिक्री ने जोर पकड़ा है। बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए जैकेट की नई रेंज आई है। क्वालिटी के हिसाब से 400 से लेकर दो हजार रुपये तक के जैकेट सामान्य दुकानों पर उपलब्ध हैं।




### जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव का किरनापुर के अधिवक्ता गणों ने किया बहिष्कार

**किरनापुर।** अधिवक्तागण किरनापुर द्वारा 20 दिसंबर 2023 को जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव का बहिष्कार किरनापुर अधिवक्ता गण द्वारा पूर्व में भी कई समस्या का निराकरण हेतु बालाघाट अधिवक्ता संघ को शिकायत अथवा लिखित आदेश पेश किए गए थे। किंतु समस्या का समाधान आज दिनांक तक नहीं किया गया है। इस कारण किरनापुर अधिवक्ता गण द्वारा 20 दिसंबर 2023 के चुनाव में भाग नहीं लिया जाएगा। इसमें अधिवक्ता जेपी बिसेन ,आई के सोनवाने, नरेश कुमार पाराशर, संतोष ऐडे, किशोर चौधरी, प्रदीप बांगरे, नरेंद्र सिहोरे शामिल है।

## हाई कोर्ट के आदेश पर हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग का शत प्रतिशत होगा पालन

**बालाघाट।** उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा जनहित याचिका पर यातायात नियमों के पालन को लेकर आदेशित किया गया है। आदेश के पालन में पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त कार्यालयों को दो पहियाँ वाहन चालक वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहियाँ वाहन चालकों के लिये सीट बेल्ट लगाकर वाहन संचालन करने के निर्देश जारी किये है। 11 जुलाई 23 को पारित निर्णय के अनुसार उच्च न्यायालय द्वारा निर्देशों का पालन शक्ति से कराने के हिदायत दी गई है। उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार वाहन दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये सभी शासकीय कार्यालयों में कार्यरत शासकीय सेवक और कार्यालयों में उपस्थित होने वाले आम नागरिकों को पीलियन राइडर सहित मोटरसाइकल चलाते समय हेलमेट के उपयोग पर ही कार्यालय परिसर में प्रवेश देंगे। इसके अलावा कार्यालयों में संचालित होने वाले 4 पहियाँ वाहन का उपयोग करते समय सीट बेल्ट आवश्यक रूप से लगायेंगे। साथ ही पेट्रोल पंप पर यातायात नियमों के पालन कराने के लिये हेलमेट धारक को ही फ्युल प्रदान किये जायेंगे। इसके अलावा भारी वाहनों और अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर भी लगाये जायेंगे।



## रविवार से संकल्प यात्रा पहुँचेगी ग्रामीण क्षेत्रो में

# आज शाम को विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथों को हरी झंडी दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत छुटे पात्र हितग्राहियों की पहचान कर प्रदेश में यात्रा की सफलता के लिए वीसी के माध्यम से कलेक्टर्स और जनप्रतिनिधियों को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि यह अवसर है अंतिम पंक्ति के पात्र नागरिक के विकास का। इसमें पूरा अमला मुख्य रूप से योजनाएं संचालित करने वाले विभाग युद्ध स्तर पर अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। सीएम डॉ. यादव ने कहा कि शनिवार को वे शाम चार बजे उज्जैन से इस यात्रा की शुरुआत कर रहें है। इसी तरह सभी जिलों में कलेक्टर्स और जनप्रतिनिधि भारत शासन से आये विशेष रथों को हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ करेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में यात्रा रविवार से प्रारम्भ होगी। बालाघाट में शासन स्तर से 4 रथ आये है। शनिवार को कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में 4 रथों को शनिवार शाम 4 बजे सिविल लाइन से हरी झंडी दिखाकर यात्रा की शुरूआत की जाएगी। यात्रा की तैयारियों के मद्देनजर नोडल अधिकारियों सहित स्वास्थ्य विभाग व महिला बाल विकास विभाग और कृषि विभाग के अलावा किसानो को तकनीकी जानकारी प्रदान करने के लिए कृषि वैज्ञानिकों के भी आदेश जारी किए गए है।



## सेंट मेरी स्कूल में हुआ यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

नगर के सेंट मेरी इंग्लिश मिडिया स्कूल भटेरा में यातायात जागरूकता अभियान के तहत यातायात जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में यातायात थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव ने यातायात नियमो व मोटरव्हीकल एक्ट की जानकारी दी गई। श्री यादव ने इस दौरान छात्र-छात्राओ व समस्त स्टॉप को संबोधित करते हुए बताया कि जीवन अनमोल है इसलिए इसका मूल्य समझना आवश्यक है। श्री यादव ने द्वारा सही दिशा में ही गाड़ी को चलाने और गलत दिशा में गाड़ी चलाने से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी दी।

उन्होने बताया कि जल्दी पहुंचने की चाह में हम कई बार गाड़ी ओवेरटेक करने की कोशिश करते हैं जो की काफी खतरनाक होता है। किसी बड़ी गाड़ी को ओवेरटेक करने से पहले भलीभांति जांच ले कि आपके ओवेरटेक करने से आपको ओर दूसरे चालकों को परेशानी ना हो। चूंकि ओवेरटेक करने से एक्सीडेंट होने की ज्यादा आशंका रहती है। पुलिस ने राहगीरों से लगातार हार्न न बजाने की भी अपील की है। क्योंकि ऐसा करने से ध्वनि प्रदूषण फैलता है। इसके अलावा पुलिस ने अन्य जानकारी भी छात्राओं एवं राहगीरों से साझा की। कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्य सिस्टर पावना, यातायात थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव, उनि दिनेश तिवारी, सउनि सुरेश तुरकने, लखनङ्कूषसंह कुशराम, देवेन्द्र मेश्राम, घनश्याम मेहरा, श्रीकांत तिवारी, सुश्री कमर सुल्ताना व श्रीमति पामिली टेंभरे एवं स्कूल के समस्त स्टॉप व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।